तापमान
अधिकतम 29 .8 डिग्री
न्यूनतम 23 .7 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 1 अगस्त 2025

11 62 लाख के विकास कार्यों का किया शुभारंभ


12 हरियाणा जूनियर बाक्सिंग में जीते 4 पदक





सोनीपत।


खरखौदा।


गन्नौर।

### आफत और राहत की बरसात: शहर से गांवों तक जलभराव व पावर कट से परेशानी, धान की फसलों के लिए वरदान

# 24 घंटे में रिकॉर्ड बारिश, खरखौदा में 100 एमएम पानी गिरा

**बारिश के मामले में गोहाना दूसरे नंबर पर 95 एमएम बारिश दर्ज की गई, राई में 74 एमएम तो सोनीपत शहर में 45 एमएम बारिश हुई**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

सोनीपत जिले में बुधवार देर रात से शुरू हुई रुक-रुक कर तेज बारिश ने वीरवार को पूरे दिन जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। तापमान में जहां चार डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। शहर से लेकर कस्बों तक सड़कें और गलियां तालाब बन गईं। पिछले 24 घंटों में 63.66 एमएम औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में जुलाई माह में एक ही दिन में इतनी अधिक बारिश रिकॉर्डतोड़ है। खरखौदा सबसे आगे है, जहां पर 100 एमएम बारिश दर्ज की गई है। भारी मात्रा में हुई बारिश ने नगर निगम, नगर पालिकाओं और जन स्वास्थ्य विभाग की जलनिकासी और सफाई व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है।

रेलवे अंडरपास तालाब बन गए, सड़कें भी पानी से लबालब रही, जिसकी कारण वाहनों की आवाजाही तो बिल्कुल ही ठप हो गई। खरखौदा, गोहाना और सोनीपत में स्थिति बदतर रही।

जहां एक ओर लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर जलभराव, ट्रैफिक जाम और बिजली कटौती जैसी समस्याओं ने आमजन की परेशानी बढ़ा दी। लोगों ने निकाय से जल्द ही जलनिकासी को लेकर स्थायी समाधान तैयार करे ताकि हर बार की तरह बारिश आमजन के लिए आफत न बने। सिर्फ आंकड़ों की बात करें तो बीते 24 घंटों में सबसे अधिक बारिश खरखौदा में 100 एमएम दर्ज की गई। गोहाना में 95, राई में 74, सोनीपत शहर में 45, खानपुर कलां में 48 और गन्नौर में 20 एमएम बारिश दर्ज की गई।



आरओबी में भरा पानी

### परिवर्तनशील रहेगा मौसम

सप्ताह के अंत तक हल्की से मध्यम बारिश जारी रह सकती है। अरब सागर से नमी भरी हवाएं से वातावरण में आद्रता बनी हुई है और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है।

*-डॉ. प्रेमदीप, वैज्ञानिक केवीके, जगदीशपुर*

### जिले में कहां कितनी बारिश

| ब्लॉक | सुबह | शाम | कुल |
|---|---|---|---|
| सोनीपत | 20 | 25 | 45 |
| गन्नौर | 17 | 03 | 20 |
| गोहाना | 09 | 86 | 95 |
| खरखौदा | 22 | 78 | 100 |
| खानपुर कलां | शून्य | 48 | 48 |
| राई | 58 | 16 | 74 |

नोट बारिश का आंकड़ा एमएम में है।

### शहर बना तालाब, रेलवे रोड व अंडरपास जलमग्न

देर रात से हो रही लगातार बूंदाबांदी के बाद जब सुबह तेज बारिश हुई, तो शहर की प्रमुख सड़कें जलमग्न हो गईं। रेलवे रोड, शनि मंदिर अंडरपास, सब्जी मंडी, सेक्टर 12, मॉडल टाउन, टीटी कॉलोनी और गीता भवन चौक जैसे इलाकों में जगह-जगह पानी भर गया। टू-व्हीलर चालक जलभराव में फंसे और कई बार गिरते-गिरते बचे।

### बिजली आपूर्ति ठप, रातभर अंधेरे में डूबे रहे कई क्षेत्र

**सोनीपत।** बुधवार देर रात से शुरू हुई तेज बारिश ने शहर की बिजली आपूर्ति को गंभीर रूप से प्रभावित कर दिया। बारिश के साथ आए तेज हवाओं और नमी के चलते कई जगहों पर पोल और तारों में फॉल्ट आ गया, जिससे फीडर ट्रिप हो गए और बिजली सप्लाई पूरी रात बाधित रही। दर्जनभर कॉलोनियों में अंधेरा छाया रहा, जिससे लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। तेज बारिश ने एक बार फिर बिजली व्यवस्था की कमियों को उजागर कर दिया है। निगम भले ही फॉल्ट की मरम्मत कर आपूर्ति बहाल करने का दावा कर रहा है, लेकिन सवाल यह है कि कब तक लोग हर बारिश में अंधेरे में रहने को मजबूर होते रहेंगे? बिजली नेटवर्क के स्थायी सुधार की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। लंबी बिजली कटौती से परेशान उपभोक्ताओं ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि हर बार बारिश में यही हाल होता है, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं किया जाता।

#### टीमें मौके पर भेजी

शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है और तकनीकी टीमों को मौके पर भेजा जा रहा है। जिन क्षेत्रों में पुराने पोल व तार हैं, वहां अगले चरण में मरम्मत व बदलाव का कार्य भी किया जाएगा ताकि बारिश के मौसम में बाधा न आए।

*-जीआर तंवर, एसई, जिली निगम, सोनीपत।*

#### रातभर टीमों ने किया फॉल्ट ठीक, सुबह मिली राहत

बिजली निगम की टीमों ने रातभर फॉल्ट ठीक करने का कार्य जारी रखा। निगम के एसई जीआर तंवर ने बताया कि बारिश के चलते नमी पोलों में घुस गई, जिससे आर्किंग और फॉल्ट हो गया। इसके अलावा कई जगहों पर पेड़ की टहनियों से तारों की टक्कर भी एक बड़ा कारण बनी। मरम्मत कार्य रातभर चला और सुबह तक अधिकांश क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई।

#### बारिश थमी, लेकिन बिजली संकट बना रहा

गुरुवार दिन में हुई दोबारा बारिश के कारण एक बार फिर कई क्षेत्रों में सप्लाई प्रभावित हो गई। रामनगर, जीवन विहार, देव कॉलोनी, शास्त्री नगर, सेक्टर 15, अग्रवाल कॉलोनी, टीटी कॉलोनी, विजय नगर सहित दर्जनभर कॉलोनियों में दोपहर बाद बिजली सप्लाई दोबारा ठप हो गई।

### जलनिकासी फेल, नालों की सफाई पर सवाल

जन स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम द्वारा मानसून से पूर्व कराए गए नाले सफाई अभियान की सच्चाई बारिश ने उजागर कर दी। कई क्षेत्रों में नालों से पानी की निकासी नहीं हो पाई, जिससे जलभराव लगातार बढ़ता गया। स्थानीय निवासियों ने कहा कि बारिश से पहले किए गए सफाई कार्य सिर्फ दिखावा थे। पंपों के माध्यम से पानी निकालने की व्यवस्था की गई थी, जोकि नाकाफी साबित हो रही है।

### निखरी हरियाली, पेड़ों ने ओढ़ी नई चादर, लहलाई फसलें

**गन्नौर।** वीरवार में हुई बूंदाबांदी ने जहां शहरवासियों को गर्मी से राहत दी, वहीं शहर के रेलवे रोड पर भी पानी जमा हो गया । तेज बरसात ने पेड़-पौधों की रौनक भी लौटा दी है। वर्ष के पानी से धुले पेड़ों के पत्ते अब और भी हरे-भरे नजर आ रहे हैं। जगह-जगह हरियाली की छठा बिखरी हुई दिखाई दे रही है, जिससे वातावरण भी ताजगी से भर गया है। सड़कों किनारे लगे पेड़ अब जैसे नई जान में आ गए हों। धूल-मिट्टी से ढंके पत्ते साफ होकर चमक उठे हैं। सुबह-शाम टहलने वाले लोगों का कहना है कि हरियाली से मन प्रसन्न हो जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि नियमित वर्षा पेड़-पौधों के लिए संजीवनी समान होती है, जिससे न सिर्फ वातावरण शुद्ध होता है, बल्कि जैव विविधता को भी मजबूती मिलती है। इस मौसम से न केवल हरियाली बढ़ी है, बल्कि कृषि उत्पादन में सुधार की उम्मीद भी बढ़ गई है। किसानों के चेहरों पर राहत है।



#### धान के लिए भी फायदेमंद

बरसात के बाद मौसम में हल्की ठंडक भी महसूस की जा रही है, जो किसानों के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। खासकर धान की फसल के लिए यह मौसम अनुकूल है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, इस समय नमी और ठंडक का मेल धान की बढ़वार के लिए उपयोगी होता है। साथ ही सब्जियों की खेती करने वाले किसानों को भी इस मौसम से राहत मिली है, क्योंकि पर्याप्त नमी के चलते पौधों की जड़ें मजबूत हो रही हैं।

### खरखौदा में जमकर बरसे बदरा, तालाब बने मुख्य मार्ग

**खरखौदा।** बृहस्पतिवार को खरखौदा और आस-पास के क्षेत्र में शहर में झमाझम बारिश हुई । जिससे दिल्ली मार्ग, थाना कलां मार्ग, बरोना मार्ग, सांपला मार्ग तालाब बन गए, क्योंकि वहां जल निकासी व्यवस्था ठीक नहीं है। जबकि कुछेक जगहों पर दुकानदारों ने नालों को गंदगी से पाट रखा है। जिसके कारण पानी सड़क पर फैल जाता है और राहगीरों को परेशानी होती है। थाना कलां और दिल्ली मार्ग के बीच जो आवासीय क्षेत्र है,उसके कई घरों में भी पानी घुसने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहने की जरूरत नहीं कि शहर में पानी निकासी के पुख्ता इंतजाम किए जाने की आवश्यकता है। फिलवक्त जो व्यवस्था है उसमें नगर पालिका को पानी निकासी के लिए पंप सेट लगाने पड़ रहे हैं। ऐसी व्यवस्था किए जाने की जरूरत है कि बारिश का पानी नैसर्गिक तरीके से ड्रेन तक पहुंच जाए। सांपला मार्ग पर एक जगह ऐसा गड्ढा बन चुका है जिसका नाले के साथ जुड़ाव नहीं है, जिसके कारण वह पानी मार्ग पर खड़ा हो जाता है। लोगों का वहां से निकलना भी मुश्किल हो रहा है। पिछले वर्ष जो नया मार्ग बनाया गया था, जलभराव से वह लगातार टूट रहा है। शहर के सभी नालों को ड्रेन से जोड़े जाने की आवश्यकता है। नगर पालिका सचिव पंकज जून का कहना है कि पिछले वर्ष की अपेक्षा पानी निकासी में काफी सुधार हुआ है। स्थाई रूप से शहर की पानी निकासी के लिए अलग से योजना बनाई गई है।

### राजलू गढ़ी: आरयूबी का लेवल नीचा, पानी भरा, चालक परेशान

**गन्नौर।** गांव राजलू गढ़ी में क्रॉसिंग पुल का लेवल नीचा होने से बरसाती पानी भरा गया। जिससे दुपहिया वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे हैं। जिससे अब गांव से रेलवे लाइन पार कर आवागमन का कोई रास्ता नहीं बचा। ग्रामीणों ने प्रशासन से समाधान की मांग की है। ग्रामीण प्रेम राठी, त्रिलोकचदं, करतार, राजू, रमेश, बिरेन्द्र, साहिल, अशोक ने बताया कि गांव में रेलवे स्टेशन के पास रेलवे क्रासिंग पुल का लेवल नीचा है तथा मामूली बरसात से पानी भरने से दुपहिया वाहनों गहरे गड्ढों में गिरने से हादसों का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि दूसरा रास्ता गांव में बड़े रेलवे क्रासिंग पुल से है। उस पुल से जाने के लिए कच्चा रास्ता है। बरसात होने पर कच्चे रास्ते में कीचड़ हो जाता है। जिससे दुपहिया वाहनों का आवागमन बिल्कुल बंद हो जाता है। कीचड़ होने के कारण दुपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो जाते हे। ग्रामीणों ने विधायक देवेन्द्र कादियान, उपायुक्त, गन्नौर एसडीएम से मांग है कि बरसात का मौसम चल रहा है। इसलिए गांव में आने-जाने का रेलवे लाईन क्रासिंग पुल के नीचे से करवाया जाए और दूसरे बड़े पुल के नीचे से जाने वाले रास्ते को पक्का करवाया जाए ताकि ग्रामीणों को परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि बरसात होने के बाद पास में बने रेलवे क्रासिंग पुल के अंदर भर जाता है। वाहन चालकों को कई बार गन्नौर व पांची जाटान गांव से होकर गांव में आना पड़ता है। ग्रामीणों ने पिछली बार भी पानी भरने पर प्रशासन से स्थाई समाधान की मांग की थी, लेकिन इसकी तरफ ध्यान नही दिया।

- **प्रशासन नहीं दे रहा कोई ध्यान लोग हो रहे हैं परेशान, ग्रामीणों में रोष**

### एचटेट: परीक्षा से पहले हुआ जांच की परीक्षा से सामना




### कोर्ट के आदेश के बावजूद नहीं मिला जमीन पर कब्जा

**खरखौदा।** कोर्ट के आदेश के बावजूद सिसाना में एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष को कब्जा नहीं दिया जा रहा है। इसके विपरित उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। पवन कुमार ने यह आक्षेप लगाते हुए बताया कि कोर्ट के आदेश पर वह अपनी डेढ़ सौ गज की जमीन का कब्जा लेने के लिए भटक रहा है। दूसरे पक्ष के लोग झगड़ा करके जान से मारने की धमकी देते हैं। जबकि दूसरे पक्ष के लोगों ने कोर्ट के आदेश को मानते हुए तीन दिन का समय मांगा था। अब इस मामले में पुलिस को शिकायत देकर मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## राजलू गढ़ी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के आगे कूदकर युवती ने दी जान, पहचान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

- **एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूदी, कारणों का नहीं हो पाया खुलासा, जीआरपी जांच में जुटी।**

दिल्ली-अंबाला रेल मार्ग पर स्थित राजलू गढ़ी रेलवे स्टेशन पर बुधवार दोपहर अज्ञात 18 वर्षीय युवती द्वारा एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या करने वाली युवती की शिनाख्त नहीं हुई है। जीआरपी युवती की शिनाख्त में लगी है। मामले की जांच अधिकारी एएसआई मोनिका दहिया ने बताया कि युवती की पहचान के लिए आसपास के गांव में जाकर प्रयास किया जा रहा है। लेकिन सुराग नहीं लग रहा है । शव की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने उसे सोनीपत के सिविल अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। एएसआई मोनिका दहिया ने बताया कि युवती की उम्र लगभग 18 वर्ष के आसपास प्रतीत हो रही है और प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पुलिस युवती की पहचान के प्रयास कर रही हैं। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा और आगे की कार्रवाई शिनाख्त होने के बाद की जाएगी।

### मारपीट कर गाड़ी के शीशे तोड़ने के दो आरोपित किए गिरफ्तार

**गन्नौर।** बड़ी पुलिस ने मारपीट कर गाड़ी के शीशे तोड़ने व लूटपाट की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान अमन उर्फ बच्ची व प्रवीन उर्फ छोटू निवासी गन्नौर के रूप में हुई है। पीड़ित सार्थक निवासी दरियापुर वर्तमान में ओमेक्स सिटी, बहादुरगढ़ ने बताया कि 4 जुलाई की रात वह गन्नौर फ्लाईओवर के पास अपनी स्कार्पियो गाड़ी खड़ी कर ठेके से बीयर लेकर लौट रहा था। इसी दौरान कुछ युवकों ने उसे घेर लिया, मारपीट की और सोने की चेन लूट ली। लकड़ी के बीटे से सिर व मुंह पर हमला किया गया और गाड़ी के शीशे तोड़ दिए गए। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि एएसआई कुलदीप के नेतृत्व में जांच टीम ने दोनों आरोपी गिरफ्तार कर लिए हैं।

## वेल्डिंग करते समय मोबाइल फटा, युवक की मौत

- **सेक्टर-7 के शिवम बिल्डिंग में काम करते समय हुआ हादसा।**

**सोनीपत।** सेक्टर-7 स्थित शिवम को-ऑपरेटिव बिल्डिंग में काम के दौरान एक युवक की मोबाइल फटने से मौत हो गई। मृतक युवक दानिश वेल्डिंग का काम कर रहा था, जब अचानक उसका मोबाइल फट गया, जिससे वह संतुलन खो बैठा और छत से गिर गया। उसे गंभीर हालत में नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, दानिश उत्तर प्रदेश के शामली का निवासी था और कुछ समय पहले ही रोजगार के लिए सोनीपत आया था व मलिकपुर में वेल्डिंग का काम कर रहा था। गुरुवार को वह अपने साथियों के साथ शिवम को-ऑपरेटिव बिल्डिंग में वेल्डिंग का कर रहा था। दोपहर के समय छत पर काम करते उसके हाथ में अचानक मोबाइल फट गया। जिससे वह घबराया और संतुलन खो बैठा, जिसके बाद वह नीचे गिर पड़ा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। एएसआई प्रदीप ने कहा कि स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मोबाइल किस स्थिति में फटा है। पुलिस ने युवक के साथियों के बयान दर्ज कर मामले की जांच हर पहलू से शुरू कर दी है। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## दो बच्चों की मां छोटे बेटे के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

- **पति ने पुलिस को दी शिकायत**

**खरखौदा।** एक महिला अपने छोटे बेटे के साथ संदिग्ध हालत में लापता हो गई। अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शिकायत मिलने पर पुलिस ने गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एक व्यक्ति ने बताया कि उसके दो बेटे हैं, उसकी पत्नी बुधवार को छोटे बेटे के साथ घर से कहीं पर चली गई। ऐसे में उन्होंने अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन जब दोनों का कहीं पर भी पता नहीं चला तो मामले से पुलिस को अवगत करवाया गया। व्यक्ति का कहना है कि उसके सोने की चेन, अंगूठी व ब्रेसलेट भी वह अपने साथ ले गई है। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## बार में सुरक्षा बढ़ाने की मांग, डीसीपी को पत्र

- **पिछले दिनों बार में एडवोकेट राकेश पर हो चुका है हमला।**

**सोनीपत।** जिला बार एसो. ने अधिवक्ताओं की सुरक्षा व परिसर में मूलभूत सुविधाएं बढ़ाने की पहल शुरू कर दी है। एसोसिएशन ने हाल ही में बार परिसर में एक अधिवक्ता पर हुए हमले की घटना को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की है। इसे लेकर डीसीपी को पत्र लिखा गया है। वहीं मूलभूत सुविधा बढ़ाने को उपायुक्त से मुलाकात की गई।

प्रधान अनिल ढुल ने डीसीपी को पत्र लिखा है कि बार परिसर में सुरक्षा पुख्ता करने की मांग की। पिछले दिनों बार में अधिवक्ता राकेश पर हमला हुआ था। आगे ऐसी घटना की पुर्नावर्ती न हो इसके लिए ठोस कदम उठाए जाए। हॉल में सभी प्रवेश द्वार पर पुलिस की सुरक्षा बढ़ाने व बार में आवश्यक सुविधाएं मुहैया करवाने की मांग की है। अधिवक्ताओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। डीसी सुशील सारवान से मुलाकात कर परिसर में बनी सडक़ की इंटरलॉक टाइल ठीक करने का मांगपत्र सौंपा है। डीसी से बारिश बंद होने के बाद सडक़ को ठीक करवाने, वाटर कूलर लगाने व ट्रांसफार्मर का लोढ बढ़ाने की मांग की है। डीसी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### भगत फूल सिंह महिला विवि में चरित्र निर्माण व वैदिक चेतना शिविर आज से

- **कुलपति प्रो. सुदेश ने दी जानकारी।**

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां स्थित कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के लिए आज से चरित्र निर्माण एवं वैदिक चेतना शिविर लगाया जाएगा। पांच दिवसीय शिविर का समापन 5 अगस्त को होगा। महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि कन्या गुरुकुल महिला विवि की नींव है। हमारा उद्देश्य छात्राओं में वैदिक मूल्यों और नैतिकता का संचार करना है। यह शिविर छात्राओं को वैदिक संस्कृति से परिचित कराने के साथ उन्हें स्वस्थ और संतुलित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। छात्राओं को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करेगा। प्राचार्य सुमिता सिंह ने बताया कि शिविर आर्य वीरांगना दल का विशेष सहयोग से रहेगा। जिसमें छात्राओं को योग, व्यायाम, ध्यान व आत्मरक्षा के गुर सिखाने के साथ-साथ विद्वान जनों के व्याख्यान करवाये जाएंगे। शिविर का उद्घाटन 1 अगस्त को प्रातः यज्ञ से होगा। डॉ. नरेश भार्गव मुख्य वक्ता के रूप में छात्राओं को संबोधित करेंगे।

### बरसात में लिया डिस्पोजल से जल निकासी का जायजा

# शिव कॉलोनी व चावला कॉलोनी पहुंचे मेयर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

नगर निगम मेयर राजीव जैन ने बरसात के दौरान ही दो घंटे तक शहर के डिस्पोजलों का दौरा कर जल निकासी की व्यवस्था का जायजा लिया। वीरवार को सुबह साढ़े छह बजे मेयर जैन ने ड्रेन नंबर 6 पर शिव कालोनी के पास बने पंप को चलवाया और श्री राम पुलिया की मोटर चलवाई। जैन ने शम्भूदयाल डिस्पोजल पर पंहुचकर जाली की सफाई, मोटरें एवं इलेक्ट्रिक पैनल भी चेक किये।

उन्होंने अधिकारियों को फोन पर ही डिस्पोजल सही समय पर और ढंग से चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने चावला कॉलोनी की निकासी के लिए श्री राम पुलिया पर लगा पंप भी चलवाया। इसके बाद मेयर ने खाटूश्याम मंदिर के पास बने डिस्पोजल का दौरा किया और पाया कि बिजली कट जाने पर जनरेटर में तेल ख़त्म होने के कारण चलने की हालत में नहीं था उन्होंने अधिकारियों को तुरंत तेल उपलब्ध करवाने को कहा।



सोनीपत। शहर में दौरे के दौरान पंप सेट चलवाते हुए नगर निगम के मेयर राजीव जैन।

मेयर राजीव जैन ने बृहस्पतिवार को बरसात के दौरान आनंद सिनेमा हाल के सामने तथा पुराने इंडस्ट्रियल एरिया के भी डिस्पोजल का दौरा किया। मेयर राजीव जैन ने कहा कि जलभराव वाले कई स्थानों को चिन्हित करके वयवस्थाएं ठीक करवाई गई है जिसके कारण गीता भवन, ककरोई चौक, मिशन चौक, शनि मंदिर वाला अंडरपास समेत शहर के अलग अलग हिस्सों में कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति में सुधार हुआ है, उन्होंने कहा कि जो कमियां रह गई हैं उन्हें भी ठीक किया जायेगा।

### सोनीपत मंडल: डाकघरों में 4 अगस्त से नई आईटी प्रणाली, दो को नहीं होगा कोई काम

**सोनीपत।** डाक विभाग ने डिजिटल युग में कदम बढ़ाते हुए एडवांस्ड पोस्टल टेक्नोलॉजी (एपीटी) एप्लिकेशन के तहत नई पीढ़ी की आईटी 2.0 प्रणाली को लागू करने का निर्णय लिया है। यह नई प्रणाली 4 अगस्त से सोनीपत मंडल के सभी डाकघरों में लागू कर दी जाएगी। इसे एक डिजिटल परिवर्तन पहल के रूप में देखा जा रहा है, जो डाक सेवाओं को अधिक पारदर्शी, तेज और सुरक्षित बनाएगी। डाक अधीक्षक सोनीपत मंडल प्रेस ब्यान में बताया कि इस परिवर्तन के तहत 2 अगस्त को डाकघरों में डाउनटाइम रहेगा व कोई सार्वजनिक लेनदेन नहीं होगा। क्योंकि सिस्टम अपग्रेड और डेटा माइग्रेशन जैसी तकनीकी प्रक्रियाएं की जाएंगी। यह अस्थायी व्यवधान एक सुगम और कुशल सेवा प्रणाली के निर्माण के लिए आवश्यक है। नई आईटी प्रणाली से उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा अनुभव मिलेगा। तेज सेवा वितरण, स्मार्ट इंटरफेस, पारदर्शी प्रक्रिया और डिजिटलीकृत कार्यप्रणाली जैसी विशेषताएं इसका हिस्सा होंगी। डाक विभाग ने ग्राहकों से अपील की है कि वे अपने डाकघर कार्यों को योजना अनुसार 2 अगस्त से पहले ही निपटा लें और डाउनटाइम के दौरान सहयोग बनाए रखें। उन्होंने असुविधा को न्यूनतम रखने का आश्वासन दिया।

वे दोस्त ही होते हैं, जो पग-पग पर हमारा साथ देते हैं। खुशी हो तो साथ आकर खुशियां दुगनी कर देते हैं, दुख हो तो बांट कर कम कर देते हैं। कैसी भी समस्या हो, साथ देकर उसे खत्म कर देते हैं। दोस्ती हर बच्चे के लिए अनमोल उपहार होती है।



# प्यारे दोस्त प्यारी दोस्ती

फीलिंग्स
मोनिका शर्मा

बच्चो, क्लास मिस हो जाने पर एक्टिविटीज की इंफॉर्मेशन देने की बात हो या शाम को गली में खेलने के लिए तुम्हारा इंतजार करना हो या फिर कभी अगर तुम्हें चोट लग जाए तो तुम्हें सहारा देकर घर पहुंचाना हो या फिर क्लास में अपने टिफिन में तुम्हारी पसंद का खाना लाना हो। इतना ही नहीं, टीचर की डांट पड़ने पर इशारों-इशारों में 'इट्स ओके' का रिएक्शन देना हो या स्कूल बस में सीट रोकने की बात हो। तुम्हारे लिए ये सब कौन करता है? तुम्हारे फ्रेंड्स न! ऐसी लविंग-केयरिंग, शेयरिंग वाली एक्टिविटीज के पीछे एक प्यारा-सा रिलेशन होता है- फ्रेंडशिप। फ्रेंड्स एक-दूसरे के लिए इतने स्पेशल होते हैं कि उनके लिए कुछ एक्स्ट्रा करने का मन करता ही है। तभी तो दोस्ती को दुनिया का सबसे प्यारा रिश्ता कहा गया है।



### दोस्ती में ऊंच-नीच नहीं होता



दोस्ती में फन भी होता है और फेवर भी। शिकायतें भी होती हैं और परवाह भी। मिलकर मस्ती करने वाले इस प्यारे जुड़ाव में दोस्त की मदद करने की सोच भी बहुत गहरी होती है। दोस्ती में कोई ऊंच-नीच भी नहीं होता। दिल से एक-दूसरे को पसंद करना ही हमें मित्रता के बंधन में बांधता है। बच्चो, घर के बड़ों से भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता के बारे में तो तुमने जरूर सुना होगा। भगवान कृष्ण अपने मित्र सुदामा से बहुत प्रेम करते थे, उनका बहुत सम्मान करते थे।

### प्यारा-सा गिफ्ट है फ्रेंडशिप

फ्रेंडशिप एक बहुत प्यारा और सुंदर गिफ्ट है, जिसके पैकेज में हंसी, खुशी, मौज-मस्ती और रेस्पेक्ट सब कुछ होता है। जब हम किसी मुश्किल में होते हैं, तो हमारे फ्रेंड्स हमारा साथ देते हैं। फ्रेंड्स जरूरत पड़ने पर हेल्प करते हैं। गलती होने पर समझाते हैं। कुछ भी गलत करने से रोकते हैं। जैसे तुम होमवर्क-क्लासवर्क की कॉपी शेयर करके एक-दूसरे की मदद करते हो। पढ़ाई में हेल्प करते हो। क्राफ्ट मेकिंग में आइडियाज देते हो। वैसे ही लाइफ के हर एज में फ्रेंड्स एक-दूसरे को बहुत प्यार के साथ हेल्प करते हैं। इसीलिए अपने फ्रेंड्स के साथ हमेशा प्यार से रहना चाहिए। फ्रेंड्स को यह बताना चाहिए कि तुम उनसे कितना प्यार करते हो। याद रखो, जिंदगी के हर फ्रंट पर दोस्ती का रिश्ता बहुत ज्यादा महत्व रखता है।

### फैमिली मेंबर सा फ्रेंड

बच्चो, यह बात कितनी प्यारी है न कि धीरे-धीरे फ्रेंड हमारे फैमिली मेंबर जैसे हो जाते हैं। एक-दूसरे के घर आना-जाना और साथ खेलना दोस्ती को और गहरा बनाता है। इससे आपसी अंडरस्टैंडिंग अच्छी बनती है। अपने दोस्त के फैमिली मेंबर्स की भी हमें रेस्पेक्ट करनी चाहिए। अपने मम्मी-पापा की तरह अपने फ्रेंड के पैरेंट्स



और बड़ों को भी खूब रेस्पेक्ट देनी चाहिए। अपने फ्रेंड को बहुत प्यार से अपने घर बुलाना चाहिए। फ्रेंड के घर जाओ तो वहां तुम्हें खूब प्यार से, सलीके से रहना चाहिए। सबका अभिवादन करना चाहिए।

### जरूरी है बैलेंस्ड बिहेवियर

दोस्तों से मेलजोल के समय अच्छा और बैलेंस्ड बिहेवियर बहुत जरूरी है। अपने फ्रेंड के इमोशंस को समझने के साथ ही अपनी लिमिट्स को भी जानना चाहिए। साथ खेलते, पढ़ाई करते या एंज्वॉय करते समय कभी भी फ्रेंड्स या उनके फैमिली मेंबर्स का मजाक नहीं बनाना चाहिए। बात-बात में टांग खिंचाई करना अच्छी बात नहीं होती। दिल से दोस्ती करो। हमेशा पॉजिटिव रहो और फ्रेंडशिप की प्यारी-प्यारी बातों को खूब एंज्वॉय करो। *

### कुट्टी की करो छुट्टी



**वैसे तो** दोस्ती में कोई रूल नहीं होता पर एक रूल जरूर बना लो। कभी भी आपस में नाराजगी हो जाए, तो फटाफट अपने फ्रेंड को मना लेना। सबसे पहले कुट्टी की छुट्टी करनी है। कई बार छोटी-सी बात पर फ्रेंड्स गुस्सा हो जाते हैं, यह सही नहीं है। किसी दोस्त से अगर कोई गलती हो जाए, तो उसकी गलती को इग्नोर कर उसे गले लगा लेना चाहिए। खुद से कोई गलती हुई हो तो सॉरी कहने में देर ना करो। एक-दूसरे की पसंद-नापसंद को समझने, प्यार से रहने और मोटिवेट करने से कोई दोस्त कभी नाराज नहीं होता। फिर भी किसी फ्रेंड के रूठ जाने पर मनाने में देरी नहीं करनी चाहिए। यह तुम्हारी दोस्ती को और भी पक्का करने वाला कदम होगा। प्यारे बच्चो, केयरिंग-शेयरिंग ही फ्रेंडशिप की बुनियाद है।

बच्चो, इंसान ही नहीं, एनिमल्स भी आपस में दोस्त होते हैं। किस एनिमल की किस दूसरे एनिमल से दोस्ती होती है, ये अपनी दोस्ती कैसे निभाते हैं, जानो।

# एनिमल्स की अनोखी फ्रेंडशिप

रोचक
शिखर चंद जैन

बच्चो, इंसान ही नहीं कुछ एनिमल्स भी दोस्ती निभाने में पीछे नहीं होते। देखा जाता है, एक-दूसरे की जरूरत पूरी करने वाले दो भिन्न प्रजातियों या समूहों के जीव-जंतुओं में गहरी दोस्ती का रिश्ता होता है। यहां हम तुम्हें बता रहे हैं डिफरेंट स्पिशीज के कुछ रियल फ्रेंड्स के बारे में, जो एक-दूसरे का सहारा बनकर पूरी जिंदगी दोस्ती निभाते हैं।

**जेब्रा और शुतुरमुर्ग:** अफ्रीका के जंगलों में जेब्रा और शुतुरमुर्ग के झुंडों को साथ-साथ विचरण करते देखा जा सकता है। ये एक-दूसरे को खतरनाक जानवरों या शिकारियों के खतरे से



आगाह करते हैं। एक तरफ जहां शुतुरमुर्ग की सुनने और सूंघने की क्षमता कम होती है, वहीं जेब्रा की नजर कमजोर होती है। जेब्रा अपनी सुनने की अतिरिक्त क्षमता से किसी भी खतरे के प्रति शुतुरमुर्ग को भी सतर्क कर देता है। उधर दूर तक देखने की क्षमता रखने वाला शुतुरमुर्ग, जेब्रा को आने वाले खतरों से सावधान करता है।

**क्लाउन फिश और एनिमोन:** रतन ज्योति यानी एनिमोन एक समुद्री जंतु है, जो आमतौर पर चट्टानों से चिपका रहता है। जबकि क्लाउन फिश एक मछली है। इन दोनों का याराना इतना गहरा होता है कि लोग इनका नाम भी एक साथ जोड़कर लेते हैं-एनिमोनफिश। एनिमोन अपनी लंबी डंकनुमा भुजाओं से शिकार पर विष छिड़क कर उसे मार डालता है। इस जहर से क्लाउन फिश को कोई नुकसान नहीं होता। वह तो एनिमोन की लंबी भुजाओं में सुरक्षित बैठी रहती है और उसकी



साफ-सफाई करती रहती है। उसके कारण किसी प्रकार के पैरासाइट एनिमोन की भुजाओं को नुकसान नहीं पहुंचा पाते। साथ ही वह एनिमोन के लिए खुद को चारे की तरह प्रस्तुत करके उसके लिए शिकार को ललचाती है। इस प्रकार दोनों को इस दोस्ती का फायदा होता है। *

### हनीगाइड बर्ड इंसान को पहुंचाती है मधुमक्खी के छत्ते तक

**अफ्रीका में** पाई जाने वाली चिड़िया हनीगाइड, इंसानों की अच्छी दोस्त मानी जाती है। जंगलों में शहद की खोज करने वालों को यह चिड़िया मधुमक्खियों के छत्तों तक पहुंचाने का काम बखूबी करती है। यह मधुमक्खी के छत्ते की ओर इंसान का ध्यान आकृष्ट करने के लिए एक पेड़ से



दूसरे पेड़ पर फुदकती हुई छत्ते की दिशा बताती है। इससे जहां इंसान को शहद मिल जाता है, वहीं चिड़ियों को मधुमक्खी के छत्ते से वैक्स, लार्वा आदि की शानदार दावत मिल जाती है। बच्चो, है ना यह मजेदार बात!

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

## बाघ मामा, सियार भांजा लड़ा रहे हैं कहानियों में पंजा

बच्चो, जब तुम्हारे दादाजी-दादीजी कहानी सुनाते हैं तो बड़ा मजा आता है। कुछ ऐसा ही मजा तुम्हें मिलेगा, जब तुम पढ़ोगे-बुलबुल की किताब। इस किताब में तुम्हारे लिए छब्बीस कहानियां हैं। इनमें से कुछ कहानियों में सियार हीरो है, जो बाघ को मामा भी कहता है और उसको बेवकूफ भी बनाता है। ये कहानियां शक्ति पर युक्ति यानी बल पर बुद्धि की जीत बताती है। पहली कहानी 'बुलबुल और बिल्ली' में तुम्हें पता चलेगा कि प्यारी सी बुलबुल अपने बच्चों की रक्षा दुष्ट बिल्ली से कैसे करती है। 'बुलबुल और राजा' कहानी में यही बुलबुल राजा से पंगा लेती है। 'नरहरि दास' कहानी पढ़ोगे तो पता चलेगा कि एक मेमना किस तरह जंगल में सारी मुसीबतों का सामना करते हुए घर लौटता है। ये कहानियां सौ साल से भी पहले लिखी गई थीं, इन्हें बांग्ला भाषा में लिखा था मशहूर फिल्म निर्देशक सत्यजित राय के दादाजी उपेंद्र किशोर रायचौधुरी ने। लेकिन आज भी ये कहानियां बेमिसाल हैं। उनकी एक कहानी पर 'गोपीगाइन बाघाबाइन' नाम से बच्चों की एक लोकप्रिय फिल्म भी बन चुकी है। *



**किताब:** बुलबुल की किताब, **लेखक:** उपेंद्र किशोर रायचौधुरी, **मूल्य:** 100 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्य अकादेमी, दिल्ली

### हंसगुल्ले



**टीचर**-तुमने अपना होमवर्क क्यों नहीं किया?
**भोलू**-मैम, मैंने जैसे ही होमवर्क करना शुरू किया लाइट चली गई थी।
**टीचर**-लाइट आने के बाद फिर क्यों नहीं किया?
**भोलू**- इसलिए क्योंकि मैंने सोचा कहीं मेरे होमवर्क शुरू करने से फिर से लाइट न चली जाए।

-आयुष, दुर्ग

### जीके क्विज-164

1. प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस कब मनाया जाता है?
2. हाल ही में भारत की किस महिला चेस (शतरंज) प्लेयर ने फिडे महिला विश्व कप जीता?
3. राज्यसभा का पदेन सभापति कौन होता है?
4. भारत का राष्ट्रीय संग्रहालय कहां स्थित है?
5. देश का प्रथम नागरिक और तीनों सेनाओं का सर्वोच्च कमांडर कौन होता है?
6. सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है?
7. भारत की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
8. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?
9. मानव शरीर में कौन-सा अंग सबसे बड़ा होता है?
10. भारत में सबसे लंबी दूरी तय करने वाली ट्रेन कौन-सी है?



बच्चो, जीके क्विज-164 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-163 का उत्तर :** 1.इंदौर, 2.असीम कुमार घोष, 3.जैनिक सिनर, 4.यूलिया स्विरीडेंको, 5.ऋग्वेद, 6.भारत रत्न, 7.शाहजहां, 8.मिग-21, 9.नर्मदा नदी, 10.पोर्ट ब्लेयर

**जीके क्विज-163 का सही उत्तर देने वाले :** सौरभ-बिलासपुर, ताशु-गरियाबंद, मेघा-झज्जर, कबीर-हिसार, अनन्या-रायपुर, तेजस-बालोद, सचिन-महासमुंद, राहुल-दुर्ग, विकास-रोहतक, कविता-बलौदा बाजार, संदीप-भोपाल

# फिर बने दोस्त

राघव और माधव की बहुत गहरी दोस्ती थी। लेकिन कुछ ऐसी गलतफहमी हुई कि राघव ने माधव से बोलना छोड़ दिया। माधव ने राघव को बहुत समझाने की कोशिश की लेकिन वह कुछ सुनने को तैयार ना था। माधव इस बात से बहुत ज्यादा दुखी था। लेकिन एक दिन कुछ ऐसा हुआ कि दोनों फिर से दोस्त बन गए।







कहानी
उषा सोमानी

राघव और माधव दोनों पक्के दोस्त थे। दोनों एक ही कक्षा में पढ़ते थे। स्कूल में बच्चे उन्हें 'सरगम' के नाम से पुकारते थे। राघव बहुत सुरीला गाता और माधव संगत देता। उनकी सुरीली जुगलबंदी देखकर, सब के मुंह से 'वाह-वाह' निकलता। माधव की अंगुलियां वाद्य यंत्रों पर ऐसे थिरकतीं कि देखने वाला पलक झपकाना ही भूल जाता।

राघव-माधव के स्कूल में खेलकूद सप्ताह चल रहा था। फुटबॉल का मैच था। राघव और माधव दोनों अपनी-अपनी टीम के कैप्टन थे। राघव की टीम जीत रही थी। बच्चे तालियां बजाकर दोनों टीम का उत्साहवर्धन कर रहे थे। अचानक माधव और राघव टकरा गए। राघव धड़ाम से जमीन पर जा गिरा। उसका पैर मुड़ गया। वह असहनीय पीड़ा से कराहने लगा। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने एक्स-रे किया तो पता चला कि उसके पांव में फ्रेक्चर था। राघव और उसके माता-पिता को लगा कि राघव की टीम जीत रही थी, इसलिए माधव ने जान बूझकर राघव को धक्का दिया। उन्होंने माधव को बहुत भला-बुरा कहा। साथ ही राघव को माधव के साथ बोलने से मना कर दिया। माधव ने अपने को निर्दोष साबित करने का बहुत प्रयत्न किया परंतु वह असफल रहा।

राघव के पांव में प्लास्टर बंधे होने के कारण वह स्कूल नहीं आ रहा था। माधव अपने दोस्त की पढ़ाई में हो रहे नुकसान से बहुत चिंतित था। वह स्कूल का गृह कार्य लेकर राघव के घर गया, परंतु उसने माधव से बात करने से मना कर दिया। माधव मन मसोसकर लौट आया।

कुछ दिनों बाद राघव का प्लास्टर खुल गया। वह स्कूल आने लगा। माधव ने उसे पढ़ाए गए पाठ का दोहराव कर, समझाने का प्रस्ताव रखा, परंतु राघव ने मुंह फेर लिया। माधव अपने प्रिय दोस्त के नाराज होने से बहुत दुखी था। वह कक्षा में भी गुमसुम बैठा रहता। कक्षा के अन्य सहपाठियों ने दोनों में सुलह कराने की कोशिश की परंतु राघव ने किसी की भी बात नहीं सुनी।

तभी कक्षा में इंटरक्लास म्यूजिक कॉम्पिटिशन के लिए सूचना आई। राघव सोचने लगा, उसकी और माधव की जोड़ी इन प्रतियोगिताओं में प्रथम आती रही है। वह माधव से बात नहीं करता, तो उसके साथ सहभागिता कैसे करेगा? उसने तय किया कि वह इस बार भाग नहीं लेगा। क्लास टीचर को जब मालूम हुआ तब उन्होंने राघव को स्टाफ रूम में बुलाया, क्योंकि वह अपने स्कूल के ग्रुप साराभाई हाउस का कैप्टन था। क्लास टीचर ने पूछा, 'तुमने और माधव ने प्रतियोगिताओं में नाम नहीं लिखवाया? अरे! तुम दोनों साराभाई हाउस के स्टार हो।'

राघव निरुत्तर था। क्लास टीचर बोले, 'हर वर्ष की तरह म्यूजिक कॉम्पिटिशन के आरंभ में सरस्वती वंदना तुम्हें ही प्रस्तुत करनी है।'

राघव भारी मन से अपनी कक्षा की ओर चल दिया। वह इसी उधेड़बुन में था कि बिना संगीत के रियाज कैसे करेगा। तभी छुट्टी होने की घंटी बजी। उसने घर जाने के लिए कंधे पर बैग लटकाया। अपनी बस में बैठने के लिए स्कूल गेट से बाहर निकल कर सड़क पर आ रहा था। तभी माधव ने बिजली-सी फुर्ती से लपक कर उसे पकड़ा और सड़क के एक ओर खींच लिया। राघव ने देखा, वह तेजी से जाती हुई एक मोटर साइकिल से टकराने से बाल-बाल बच गया। माधव उससे बोला, 'तुम्हारा ध्यान कहां है? कक्षा में भी तुम चुपचाप बैठे थे, अभी मोटरसाइकिल से टकरा जाते तो?'

राघव, माधव से लिपट गया और रोने लगा, 'मुझे माफ कर दो।'

माधव ने अपनी अंगुली से उसके आंसू पोंछे और बोला, 'पगले रोता है? आज तो खुश होने का दिन है। हमें हमारी दोस्ती वापस मिल गई।'

राघव बोला, 'तुम्हें तो पता ही है कि इंटरक्लास कॉम्पिटिशंस हो रहे हैं। मैं सरस्वती वंदना गाऊंगा। तुम संगत दोगे, तब मानूंगा कि तुमने मुझे पूरी तरह माफ कर दिया।'

माधव चहक कर बोला, 'इस वर्ष की इंटरक्लास म्यूजिक कॉम्पिटिशन में हम सुर से सुर मिलाकर एक नया रिकॉर्ड बनाएंगे।'

दोनों खिलखिलाकर हंसते हुए एक-दूसरे का हाथ पकड़े बस में चढ़ गए। *

कविता
देवी प्रसाद गौड़



एआई इमेज

## मित्र हो तो ऐसा

कक्षा में आते ही सर ने,
रामचरन को किया इशारा।
नहीं दिखाई दिया दिनों से,
बेस्ट फ्रेंड इरफान तुम्हारा।।
ठीक कहा श्रीमान आपने,
चिंतित है मन बहुत हमारा।
पता नहीं क्या हुआ अचानक,
हफ्तों से बीमार बिचारा।।
सर बोले कक्षा में सबसे,
कुशल रहे इरफान हमारा।
हम सब मिलकर करें प्रार्थना,
ईश्वर देंगे उसे सहारा।।
सोमवार को विद्यालय में,
रामचरन देरी से आया।
क्यों देर हुई तुमको इतनी,
अध्यापक ने प्रश्न उठाया।।
इरफान बुलाता था मुझको,
संकट में थे उसके प्राण,
जान बचाने परम मित्र की,
करना था मुझको रक्त दान।।
पीठ ठोक कर गुरुवर बोले,
युग-युग जियो बहादुर बच्चे।
जो मित्रों का संकट हरते,
मित्र वही होते हैं सच्चे।।

### अंतर बताओ

बच्चो, यहां फ्रेंडशिप-डे पर पार्क में एक साथ एंज्वॉय कर रहे कुछ दोस्तों के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन दोनों चित्रों में सात अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। फटाफट ये अंतर बताओ।



उत्तर:

### रास्ता खोजो

बच्चो, ईशान को फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट कर रहे अपने दोस्तों के पास पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। उसे समझ में नहीं आ रहा है कि वहां तक कैसे पहुंचे। तुम ईशान को उसके दोस्तों तक पहुंचने में मदद तो करो जरा।



## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित

**खरखौदा।** सर छोटू राम ग्लोबल फाउंडेशन द्वारा संचालित वृद्ध सेवा संस्थान, सिसाना में पेट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विवि, देहरादून के दो विद्यार्थियों यश दहिया व साक्षी को सामाजिक प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। दोनों प्रशिक्षणार्थी 1 जून से 31 जुलाई तक वृद्धाश्रम में सामाजिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सेवाएं दे रहे थे। उक्त प्रशिक्षण विवि के सृजन कार्यक्रम के तहत आयोजित किया था। जिसके माध्यम से छात्रों को सामाजिक दायित्वों की अनुभूति कराई जाती है उन्हें समाज सेवा से जोड़ा जाता है। उल्लेखनीय है कि पेट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विवि, देहरादून और सर छोटू राम ग्लोबल फाउंडेशन के मध्य इस सामाजिक सहभागिता हेतु समझौता हुआ था।

### घोषणाओं पर अमल न होने के विरोध में पैदल यात्रा 3 से

**सोनीपत।** भाजपा द्वारा चुनाव से पहले की गई 20 सूत्रीय घोषणाओं को लागू न करने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता 3 अगस्त से सोनीपत से चंडीगढ़ तक पैदल यात्रा शुरू करेंगे। यात्रा "भाजपा की पोल खोलो" अभियान के तहत निकाली जाएगी, जिसमें पंपलेट्स के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा और सरकार से किए वादों को पूरा करने की मांग की जाएगी। सोमवार को रेस्टहाउस में प्रेस वार्ता आयोजित कर जिला पार्षद संजय, रवि इंदौर, कांग्रेस सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष ऋतुराज, यशपाल बजाना, कृष्ण हुड्डा, गुलशन करेवाड़ी, विजय मोर, रामकरण मलिक और अमित ने कहा कि भाजपा सरकार ने 100 गज के प्लॉट, अग्निवीरों को सरकारी नौकरी जैसे कई वादे किए थे, लेकिन इनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ।

### दिल्ली नगर निगम के 248 कर्मचारी सेवानिवृत

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के 248 कर्मचारी गुरूवार को सेवानिवृत हुए। दिल्ली नगर निगम के सिविक सेंटर मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों को प्रशस्ति पत्र, पीपीओ शीट, लीव एनकैशमेंट के चेक दिये गए। सभी जोन में भी सेवानिवृत कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत कर्मियों को दीर्घायु और स्वस्थ रहने की कामना की गई। सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाओं के साथ-साथ सुखमय जीवन की कामना करते पौधे भी भेंट किए।

### एक साथ 11 जिलों में होगा मॉकड्रिल का आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आज गुरुवार सुबह 9 बजे भूकंप और औद्योगिक रासायनिक खतरों जैसी बड़ी आपदाओं से निपटने और प्रतिक्रिया तंत्र को जांचने के उद्देश्य से दिल्ली-एनसीआर में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देश पर 'अभ्यास सुरक्षा चक्र' मॉक डिल का आयोजन किया जा रहा है। यह पहली बार होगा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), भारतीय सेना, दिल्ली सरकार एक साथ मॉकड्रिल कर रही हैं। इस मॉकड्रिल के लिए दिल्ली सरकार ने 55 जगहों पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। जिनके नेतृत्व में यह मॉकड्रिल का आयोजन होगा। डीडीएमए दिल्ली के 11 जिलों में 55 जगहों यह अभ्यास चलाया जाएगा।

## शहीद उधम सिंह जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

# शहीद उधम सिंह का बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत : अरुण गौतम

### शिक्षकों ने भी उधम सिंह के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक घटनाएं साझा कीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल, गन्नौर में शहीद उधम सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। स्कूल के समस्त शिक्षकों ने एकत्र होकर उनके बलिदान को याद किया और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। समारोह का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों में देशभक्ति की भावना को प्रबल करना तथा स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को स्मरण कर उन्हें सम्मान देना रहा। स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण गौतम ने शहीद उधम सिंह के जीवन और बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, शहीद उधम सिंह का बलिदान हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने देश की आज़ादी के लिए जिस साहस और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया, वह हम सभी के लिए अनुकरणीय है। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि जब बात मातृभूमि की हो, तो किसी भी प्रकार का त्याग छोटा नहीं होता। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षकों ने भी शहीद उधम सिंह के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक घटनाएं साझा कीं। कार्यक्रम के समापन पर एक बार फिर सभी ने शहीद उधम सिंह को नमन किया और संकल्प लिया कि वे अपने शिक्षण कार्य के माध्यम से छात्रों को सच्चे अर्थों में जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनाएंगे।



गन्नौर। शहीद उधम सिंह की जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते स्कूल के शिक्षक। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। शहीद उधम सिंह को नमन करते सेक्टर वासी। फोटो :हरिभूमि

### शहीद उधम सिंह का शहादत दिवस मनाया

**सोनीपत।** क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी शहीद उधम सिंह का शहादत दिवस सेक्टर 13 में वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं की उपस्थिति में मनाया गया। सभी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। चौधरी रामफल आंतिल ने बताया कि 31 जुलाई 1940 को शहीद उधम सिंह ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के विरोध में माइकल ओ डायर की हत्या कर ब्रिटिश हुकूमत को जवाब दिया। दिलबाग सिंह ने कहा कि देश की आजादी शहीदों की देन है, हमें उनके पदचिह्नों पर चलना चाहिए। सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला अध्यक्ष सुरेश वत्स ने बताया कि शहीद उधम सिंह का जन्म 1899 में पंजाब के संगरूर जिले के सुनाम में हुआ था। इस अवसर पर हवा सिंह आंतिल, लक्ष्मीनारायण योग शिक्षक, रमेश मदान, पवन पालीवाल, सुरेंद्र कश्यप मास्टर, एडवोकेट सतीश मलिक, मोनू आंतिल, नरेंद्र काद्यान्न, मनीष झांझरिया, प्रेम सिंह, मुंशी राम, विजय तेज, सुखबीर गुलियां, संदीप राठधना, मोहित मलिक, बॉबी, कंवर सिंह, नीरज, धर्मपाल, ईश्वर सिंह, मास्टर चांद सिंह मौजूद रहे।



गोहाना। शहीद उधम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते ग्रामीण।

# उधम सिंह ने जनरल डायर को गोलियों से भून दिया था: दांगी

- शहीद उधम सिंह के 86वें शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गुरुवार को गोहाना से सटे बड़ौता गांव की शिकलीगर बस्ती में शहीद उधम सिंह के 86वें शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में ग्रामीणों ने शहीद उधम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया।

मुख्य अतिथि आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा कि सरदार उधम सिंह ने जलियांवाला बाग कांड के जघन्य नरसंहार को अंजाम देने वाले पंजाब के तत्कालीन गवर्नर जनरल माइकल ओडवायर को लंदन में जाकर गोलियों से भून डाला था। 13 अप्रैल 1919 को घटित जलियांवाला बाग हत्याकांड की घटना के 21 साल बाद उधम सिंह ने जनरल माइकल ओडवायर की हत्या करके इस घटना का बदला लिया था। साहस और शौर्य के अद्वितीय प्रतीक शहीद उधम सिंह का जीवन दर्शाता है कि एक भारतीय के हृदय में देशभक्ति की भावना कितनी प्रखर होती है। गदर पार्टी के माध्यम से प्रवासी भारतीयों के दिलों में देशभक्ति की अलख जगाने में उनकी उल्लेखनीय भूमिका रही। समारोह की अध्यक्षता हरियाणा सिकलीगर सभा के प्रदेश अध्यक्ष दारा सिंह ने की। समारोह में हर भगवान चोपड़ा, सुरेंद्र सरोहा, सतनाम सिंह, अमृतलाल सैनी, कर्म सिंह, केसर सिंह, अवतार सिंह, ईश्वर सिंह, राजकुमार, विक्की व गुरुदेव सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे।

### गुरु-शिष्यों ने शहीद उधम सिंह को दी श्रद्धांजलि

**गोहाना।** गीता विद्या मंदिर गोहाना में गुरुवार को गुरु और शिष्यों ने शहीद उधम सिंह को श्रद्धांजलि दी। गुरु और शिष्यों ने उधम सिंह के चित्र पर पुष्प करते हुए राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। विद्यालय के कक्षा 10वीं के छात्र निर्भय सिंह ने स्वतंत्रता सेनानी शहीद उधम सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। विभाग प्रमुख दीपक कपूर ने उधम सिंह के बलिदान एवं देशभक्ति पर प्रकाश डाला।

# आज का स्वतंत्र राष्ट्र हमारे पास शहीदों की धरोहर : राकेश सौदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कांग्रेस भवन सोनीपत में अमर शहीद उधम सिंह की पुण्य तिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा एडवोकेट ने कहा कि आज का स्वतन्त्र राष्ट्र हमारे पास देश के शहीदों की धरोहर है। इस देश के लिए देश भर से शहीदों ने अपनी जान की कुर्बानी देकर आजाद कराया है। अमर शहीद उधम सिंह एक ऐसी महान आत्मा और स्वतन्त्रता सैनानी थे जिन्होंने 1919 के जलियांवाला बाग कांड के मुख्य दोषी जनरल डायर को लंदन में जाकर मारा था और देश के निर्दोष क्रान्तिकारियों के खून का बदला लिया था। आज देश की युवा पीढ़ी को आवश्यकता है कि देश के इतिहास को पढ़े और अपने महापुरुषों के कदमों पर चले। कार्यक्रम ने प्रमुख रूप से एससी विभाग जिलाध्यक्ष दयानन्द वाल्मीकि, प्रदेश महिला महासचिव आशा अहलावत, सेवादल जिलाध्यक्ष ईसाक मदार, कार्यालय सचिव प्रेमनारायण गुप्ता, पूर्व सचिव सरदार इंद्रपाल, प्रेम रेलन एवं ओमप्रकाश मुंजाल आदि उपस्थित रहे।



सोनीपत। शहीद उधम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते। फोटो :हरिभूमि

# नकुल प्रथम और छवि ने द्वितीय स्थान पाया

### एमआर स्कूल में शहीदी दिवस पर महापुरुषों को पहचानो प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर में महम रोड स्थित एमआर विद्यालय में गुरुवार को उधम सिंह के शहीदी दिवस पर महापुरुषों को पहचानो प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता कक्षा तीसरी से छठी कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित हुई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के समक्ष विभिन्न 25 महापुरुषों के चित्र रखे गए। विद्यार्थियों को महापुरुषों को पहचान कर क्रमानुसार उनके नाम लिखने थे। प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से नकुल ने प्रथम और छवि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चौथी से शौर्य और रुचि, कक्षा 5वीं से वंशिका और रौनक, कक्षा छठी से नैनो और नकुल ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के लिए मार्गदर्शन विद्यालय के एमडी राजबीर शर्मा का रहा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को हमारे देश के महापुरुषों के जीवन से परिचित होना आवश्यक है। जब बच्चे देश के महापुरुषों को जानेंगे तभी उनके व्यक्तित्व व शिक्षाओं का अनुसरण कर पाएंगे। प्रतियोगिता की अध्यक्षता प्राचार्या अनिता शर्मा ने की जबकि संयुक्त संयोजन निधि सिंघल और काजल वर्मा का रहा। इस अवसर पर अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।




गोहाना। विजेता विद्यार्थी अपने गुरुजनों के संग। फोटो : हरिभूमि

# उधम सिंह ने बदला नहीं, विश्व को दिया संदेश

### एसयूसीआई ने उधम सिंह के बलिदान दिवस पर पार्टी कार्यालय में की सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ने आज शहीद उधम सिंह के बलिदान दिवस पर सोनीपत पार्टी कार्यालय में एक सभा की। सभा की अध्यक्षता कामरेड हरिप्रकाश ने की। शहीद उधमसिंह के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित करने के बाद सोनीपत पार्टी सचिव कामरेड इंदर सिंह ने अपनी बात रखते हुए बताया कि उधमसिंह के बचपन में ही उनके माता-पिता गुजर गए और वे एक अनाथालय में ही पले-बढ़े। युवावस्था में उधमसिंह क्रांतिकारियों के सम्पर्क में आये। जलियांवाला बाग में बैसाखी के अवसर पर रोलेट एक्ट के खिलाफ इकट्ठे हुए सैकड़ों निर्दोष लोगों के नरसंहार के दोषी माइकल ओ डायर को इंग्लैंड में जाकर शहीद उधमसिंह ने गोली मार कर मौत के घाट उतार दिया। ये कोई बदले की भावना का मामला नहीं था बल्कि उन्होंने दुनिया को ये सन्देश दिया कि हिंदुस्तान को अब अंग्रेजी साम्राज्यशाही की बर्बरता से मुक्त कराने का समय आ गया है। पार्टी के राज्य सचिव मंडल के सदस्य कामरेड ईश्वर सिंह राठी ने मुख्य वक्तव्य रखते हुए बताया कि शहीद उधमसिंह का बचपन भयंकर गरीबी में बीता लेकिन वो बहुत साहसी थे। गरीबी में भी उन्होंने इंटरमीडिएट तक शिक्षा प्राप्त की। कॉमरेड ईश्वर सिंह राठी ने आगे बताया कि देश आजाद हुआ लेकिन क्रांतिकारियों के सपने का भारत नहीं बना। अंग्रेज पूंजीपति चले गए और देशी पूंजीपति वर्ग ने सत्ता प्राप्त की। ऑल इंडिया किसान खेत मज़दूर संगठन के ज़िला उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह दहिया ने भी अपनी बात रखी।




सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित एसयूसीआई के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

# बहादुरगढ़ क्षेत्र में संगठन को मजबूत कर कमल खिलाने के लिए भरसक प्रयास करेंगेः विधायक

### पवन खरखौदा का बहादुरगढ़ क्षेत्र का प्रभारी बनने पर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

विधायक पवन खरखौदा को बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाए जाने पर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। मौके पर पार्टी के अधिकतर कार्यकर्ता मौजूद रहे और उन्हें को बधाई दी। कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह नजर आया और उन्होंने विधायक के नेतृत्व में काम करने का संकल्प दोहराया। विधायक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि वे बहादुरगढ़ विस क्षेत्र में पार्टी संगठन को मजबूत आधार प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने जिस तरह खरखौदा क्षेत्र में कमल खिलाया है उसी तरह बहादुरगढ़ क्षेत्र में संगठन को मजबूत कर कमल खिलाने के लिए भरसक प्रयास करेंगे। मंडल अध्यक्ष नरेश पाराशर, नपा उप चेयरमैन मुकेश सैनी, पार्षद अनिल, महामंत्री अशोक, अजय राठौर, मुकेश व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



बहादुरगढ़ क्षेत्र का प्रभारी बनाए जाने पर विधायक का स्वागत करते कार्यकर्ता।

# भाजपा संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर काम करें: डॉ. अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गुरुवार को भाजपा की गोहाना जिला इकाई की बैठक सेक्टर 7 स्थित सामुदायिक केंद्र में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता रहीं। विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी डॉ. किरण कलकल थीं। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने की। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि पार्टी के नए मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ पालक और बूथ अध्यक्ष संगठन का विस्तार करें। संगठन में मेहनती कार्यकर्ताओं को पद दिए जाएं। इसके साथ में केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को अंतिम छोर के व्यक्तियों तक पहुंचाएं। कष्ट निवारण समिति के सदस्य अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों से मिलें। लोगों की जो भी समस्याएं हैं उनको नोट करके समिति की बैठक में मंत्री और अधिकारियों के समक्ष रखकर निवारण कराएं। बैठक में नप अध्यक्ष रजनी विरमानी, पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान, पूर्व विधायक रामफल चिड़ाना, डा. धर्मवीर नांदल, डा. ओमप्रकाश शर्मा, बलराम कौशिक, महेंद्र चिड़ाना, जितेंद्र शर्मा, डा. रमेश कश्यप, भलेराम नरवाल, रीना शर्मा, ओमवीर वत्स, प्रवीण रहे।



बैठक में अतिथियों का स्वागत करते हुए जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक। फोटो : हरिभूमि

**सौगात** विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन रहे मौजूद

# 62 लाख की लागत से होंगे विकास कार्य, नारियल तोड़कर किया शुभारंभ

राष्ट्रीय राजमार्ग 44 से शामाबाद गांव की तरफ जाने वाले रास्ते को किया जाएगा पक्का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

वीरवार सुबह विधायक निखिल मदान ने मेयर राजीव जैन के साथ मिलकर लगभग 62 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस मौके पर सभी क्षेत्रवासियों ने विधायक और मेयर का आभार जताया और फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि 62 लाख रुपये की लागत से वार्ड नंबर 7 में राष्ट्रीय राजमार्ग 44 से शामाबाद गाँव की तरफ जाने वाले रेवेन्यू रास्ते को 100 एमएम की इंटरलॉकिंग टाइल्स से पक्का किया जाएगा। इस रास्ते को पक्का करने की मांग काफ़ी समय से क्षेत्रवासियों द्वारा उठाई जा रही थी। विधायक निखिल मदान ने कहा कि वह सोनीपत के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रयासरत हैं और जल्द ही अन्य विकास कार्यों को भी शुरू करवाया जाएगा। अगले माह में जल भराव को रोकने के लिए बरसाती पानी की निकासी हेतु विकास कार्य शुरू होंगे और कई मुख्य सड़कों का निर्माण करवाया जाएगा। मेयर राजीव जैन ने कहा कि इस रास्ते को पक्का करने की मांग गांव वासियों द्वारा काफी लंबे समय से उठाई जा रही थी, आज इस रास्ते को इंटरलॉकिंग टाइल्स से पक्का करने के काम का शुभारंभ किया गया है, जल्द ही इस कार्य को पूरा कर दिया जाएगा। निगम पार्षद मुनिराम ठौलेदार, महावीर खत्री, अंकुश शर्मा, प्रिंस छाबड़ा, हैप्पी रोहिल्ला, दीपक चावला, त्रिलोक कौशिक, कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।



सोनीपत। विकास कार्यों का शुभारंभ करने पहुंचें विधायक निखिल मदान साथ में मेयर राजीव जैन।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना बरोदा की पुलिस टीम ने पेट्रोल पंप से गाड़ी में पैट्रोल डलवाकर बिना रुपये दिए गाड़ी भगा ले जाने की घटना मे संलिप्त दो आरोपित जिला झज्जर के गांव खेड़ी आसरा निवासी साहिल पुत्र सतीश व जिला सोनीपत के गांव चिड़ाना निवासी परवीन पुत्र नरेन्दर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद कर ली है। गांव मोई हुड्डा निवासी कृष्ण पुत्र शिवचरण ने 29 जुलाई को थाना बरोदा मे शिकायत दी थी। कृष्ण गांव भैंसवान खुर्द स्थित सिधि विनायक पेट्रोल पंप पर प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। प्रातः करीब छह बजे एक लाल रंग की स्विफ्ट कार पेट्रोल पम्प पर पहुंची। उसमें सवार व्यक्ति कार में 700 रुपये का पेट्रोल डलवाकर बिना पैसे दिए कार लेकर फरार हो गए।

### खांडा गांव से ट्रैक्टर की बैटरी चोरी, केस दर्ज

**खरखौदा।** खांडा गांव के किसान सुशील के ट्रैक्टर से चोर बैट्री चुरा ले गए। किसान का कहना है कि उसके पास सोनालिका का एक ट्रैक्टर है, उसने ट्रैक्टर को 27 जुलाई को घर के बाहर खड़ा किया था। लेकिन सुबह उसने पाया कि ट्रैक्टर की बैट्री गायब है। आस पास ढूंढने पर भी जब बैट्री का पता नहीं चला तो उसने मामले की शिकायत देकर चोरी का केस दर्ज करवाया।

### शिविर में 40 लोगों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** गुरुवार को गांव दोदवा में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 40 ग्रामीणों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। शिविर में 9 व्यक्तियों ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला। शिविर के मुख्य अतिथि गांव दोदवा के सरपंच रमेश उर्फ मेशी और विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच पप्पू, प्रकाश और प्रधान रामफल थे। अध्यक्षता बलबीर सिंह ने की। रक्तदान शिविर में विशेष रक्तदाताओं में तीन दंपति जोड़े बिजेंद्र मलिक और सविता, रामनिवास धानिया और पुष्पा व जगफूल और दर्शन देवी सहित महिला कमला ने रक्तदान किया। शिविर में मंजीत, राजेश, नवीन, मोनू मलिक, जयदीप, राज सिंह, चांद, दिलबाग और हंसराज ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला।

## दो सत्रों में 42 परीक्षा केंद्रों पर हुई परीक्षा, सुरक्षा व्यवस्था के रहे पुख्ता प्रबंध

# एचटेट : बारिश बनी बाधा, फिर भी हौसलों ने नहीं मानी हार, 15,284 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

*3,525 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे, केंद्रों के बाहर 200 मीटर के दायरे में धारा 163 रही लागू*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) के दूसरे दिन मौसम की मार के बावजूद अभ्यर्थियों का उत्साह कम नहीं हुआ। तेज बारिश के बीच जिले के 42 परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थी भीगते हुए परीक्षा केंद्रों तक पहुंचे। कई अभ्यर्थी छाते और पॉलिथीन में सिर ढककर दौड़ते नजर आए। कुछ तो वर्षा की वजह से केंद्रों तक समय पर नहीं पहुंच पाए, बावजूद इसके अधिकांश को प्रवेश दे दिया गया। प्रातः सत्र में टीजीटी लेवल-2 की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 12504 में से 10269 अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि 2235 अनुपस्थित रहे। वहीं, सायं सत्र में पीआरटी लेवल-1 की परीक्षा में 6305 में से 5015 अभ्यर्थी पहुंचे और 1290 अनुपस्थित रहे। कुल मिलाकर दोनों सत्रों में 18809 में से 15284 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 3525 अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। महिला अभ्यर्थियों से आभूषण उतरवाए गए, मेटल डिटेक्टर से जांच की गई, फिर बायोमीट्रिक सत्यापन के बाद प्रवेश मिला। सभी परीक्षार्थियों की वीडियोग्राफी कराई गई। केंद्रों के बाहर 200 मीटर के दायरे में धारा 163 लागू रही, फोटोकॉपी की दुकानें बंद रहीं। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर ने पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मुरथल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व व्यवस्था को संतोषजनक बताया।







### मेटल डिटेक्टर से की जांच, हुई वीडियोग्राफी

केंद्र के बाहर उतरवाए आभूषण एचटेट को लेकर सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। प्रवेश से पहले महिला परीक्षार्थियों के आभूषण उतरवाए गए। इसके बाद मेटल डिटेक्टर के साथ अभ्यर्थियों की जांच की गई, फिर बायोमीट्रिक मशीन के माध्यम से हाजिरी सुनिश्चित की गई। प्रत्येक परीक्षार्थी की वीडियोग्राफी भी हुई।

### शांतिपूर्ण संपन्न हुई परीक्षा

एचटेट के दूसरे दिन जिले में बनाए गए 42 परीक्षा केंद्रों पर दो सत्रों में परीक्षा आयोजित की गई। सभी केंद्रों पर दोनों सत्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

## जल्द ही वेबसाइट पर डाल दी जाएगी उत्तर कुंजी : सतीश शाहपुर

### एचबीएसई के उपाध्यक्ष ने परीक्षा केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

- मुरथल रोड स्थित पीएम श्री राजकीय कन्या विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केन्द्र पर पहुंचें सतीश
- अभ्यार्थी सीसीटीवी की निगरानी में दे रहे हैं परीक्षा, बोर्ड मुख्यालय से हो रही है लाइव मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा(एचटेट) को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और पारदर्शिता के साथ संपन्न करवाने के उद्देश्य से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचबीएसई) के उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर ने सोनीपत पहुंचकर मुरथल अड्डा स्थित पीएम श्री राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा को लेकर केन्द्रों पर बोर्ड व जिला प्रशासन द्वारा की गई सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सतीश शाहपुर ने इस दौरान बताया कि अगले एक-दो दिन में परीक्षा को लेकर बोर्ड द्वारा वेबसाइट पर उत्तर कुंजी डाल दी जाएगी और अगस्त के आखिरी सप्ताह में परिणाम में घोषित कर दिया जाएगा। उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर ने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों से संवाद करते हुए परीक्षा केन्द्र पर उपलब्ध सुविधाओं व शांति व्यवस्था के बारे में राय ली। परीक्षार्थियों ने प्रशासन की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया। इस मौके पर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से कमल सिंह, अधीक्षक रामलाल, डॉ० कुलदीप गोयत, सहायक संदीप दूहन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### *व्यवस्था को लेकर प्रशासन की सराहना की*

*हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर ने कहा कि हाल में हुई सीईटी परीक्षा के दौरान हरियाणा सरकार द्वारा परीक्षार्थियों को सभी सुविधाएं मुहैया करवाई गई। सोनीपत में बनाए गए परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिए की गई व्यवस्थाओं को लेकर उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर ने जिला प्रशासन की सराहना की। उपाध्यक्ष ने कहा कि एचटेट की परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि कल शाम को प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश के चलते जिला प्रशासन के सहयोग से परीक्षार्थी आसानी से परीक्षा केन्द्रों में पहुंचे।*



सोनीपत। मुरथल अड्डा स्थित स्कूल में पहुंचें बोर्ड उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर एवं अन्य।

### पूरी सुरक्षा के साथ संपन्न हुई एचटेट की परीक्षा

उपाध्यक्ष ने बताया कि परीक्षा के नकल-विहीन एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु सभी परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के लिए 220 प्रभावशाली उडनदस्तों का गठन किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक-एक बोर्ड कर्मचारी/ प्रतिनिधि एवं जिला उपायुक्त द्वारा नियुक्त एक-एक प्रशासनिक/ राजपत्रित अधिकारी को ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर धारा-163 पूर्णतया: लागू की गई है व परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र के आस-पास फोटो स्टेट की सभी दुकानें बंद हैं। बोर्ड मुख्यालय पर एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जो हर चीज की जानकारी एकत्रित कर रहा है। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा को देखते हुए उचित पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## लोक नृत्य में प्रतिभा का अनूठा प्रदर्शन

- शैक्षणिक खंड कथूरा के कार्यालय कार्यालय में खंड स्तरीय लोक नृत्य और रोल प्ले प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गुरुवार को शैक्षणिक खंड कथूरा की खंड स्तरीय लोक नृत्य और रोल प्ले प्रतियोगितां आयोजित की गई। ये प्रतियोगिताएं गांव गुढ़ा स्थित शैक्षणिक खंड कार्यालय में सम्पन्न हुई जिनमें प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपनी कला प्रतिभा की अनूठी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गौड़ ने की। आरपी सपना के अनुसार लोक नृत्य और रोल प्ले प्रतियोगिताओं में कक्षा 8वीं और कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। लोक नृत्य प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भैंसवान खुर्द और रोल प्ले में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कथूरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



गोहाना। लोक नृत्य में अपनी कला की प्रस्तुति देती हुईं छात्राएं।

## 14-15 को एचएसवीपी कर्मचारी करेंगे हड़ताल

- सोनीपत और पंचकूला में वाटर सप्लाई और सीवर व्यवस्था रहेगी ठप
- सेक्टर 15 स्थित एचएसवीपी कार्यालय परिसर में हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन ने लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच और हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के बैनर तले कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 13 अगस्त तक उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो 14 और 15 अगस्त को सोनीपत और पंचकूला में वाटर सप्लाई और सीवर व्यवस्था पूरी तरह ठप कर दी जाएगी। यह फैसला एचएसवीपी कार्यालय परिसर, सेक्टर 15 सोनीपत में आयोजित बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता महावीर नागर व सुरेश रोहिला ने की और संचालन समेश कुमार व टीनू मदान ने किया। सभा को संबोधित करते हुए यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष एवं मंच के महासचिव आरके नागर ने बताया कि 30 जुलाई को पंचकूला लेबर कार्यालय में एचएसवीपी के मुख्य प्रशासक के खिलाफ इंक्वायरी हुई थी, जिसमें गलत रिपोर्ट देकर बताया गया कि कर्मचारियों की सभी मांगें पूरी कर दी गई हैं। जबकि न तो कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को आगामी एक वर्ष की अप्रूवल मिली है और न ही जॉब सुरक्षा की जॉइनिंग करवाई गई है। इसके विरोध में सेक्टर 6 पंचकूला में दोनों यूनियनों की आपात बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से हड़ताल का निर्णय लिया गया।



सोनीपत। बैठक करते हुए यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### ये रहे मौजूद

सभा में ध्रुव कुमार, सुरेंद्र रंगा, सतीश कुमार शर्मा, बिजेंदर रेवाल, पुष्पेंद्र शर्मा, ओम प्रकाश, अरुण कुमार, अश्विनी शर्मा, जोगिंदर, महेंद्र शर्मा, समय सिंह, जगबीर सिंह, विनोद कुमार, योग प्रकाश नागर, योगेश शर्मा, कुलदीप सिंह, शुभम सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

### पुनर्निमित मंदिर पर नेमप्लेट लगाने संबंधी विवाद में मामला दर्ज

**खरखौदा।** निजामपुर माजरा गांव में मंदिर का पुनः निर्माण कराने के दौरान नेमप्लेट लगाने के विवाद में हुए झगड़े के मामले में न्यायालय के आदेश पर खरखौदा पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। झगड़े में एक पक्ष के बुजुर्ग 62 वर्षीय ओमप्रकाश ने न्यायालय में अपना पक्ष रखा था। ओमप्रकाश ने शिकायत में कहा था कि वह गांव के माता मंदिर के पुनः निर्माण में सहयोग दे रहा था, करीब डेढ़ लाख रुपये उसने इस दौरान खर्च किए, जिसमें दीवारों पर टाइल्स भी लगवाई। ऐसे में उसने एक नेमप्लेट अपने नाम से लगा दी, जिस पर गांव के ही एक पक्ष ने षड्यंत्र रचकर उसे घर से फोन कर बुलाया और उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, बचाव में आए उसके परिवार सदस्यों के भी पीटा गया। लेकिन जब उन्होंने अपने बचाव में हमलावरों ने लाठी-डंडे छीनकर हमलावरों को मारे तो किसी ने उनकी वीड़ियो बना ली। वहीं उनके शिकायत देने पर भी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया, जबकि दूसरे पक्ष की शिकायत पर उनके ऊपर केस दर्ज कर दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## बर्ड टॉवर में सुरक्षित रह सकेंगे पक्षी : बड़ौली

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने रखी बर्ड टॉवर की आधारशिला
- सोनीपत भाजपा कार्यालय में होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने गुरुवार को भाजपा कार्यालय में बर्ड टॉवर बसेरे का भूमि पूजन किया और टॉवर के निर्माण की आधारशिला रखी। यह बर्ड टॉवर 60 फुट का होगा जिसमें पक्षी सुरक्षित रह सकेंगे। इस मौके पर विधायक निखिल मदान, मेयर राजीव जैन, जिला महामंत्री तरुण देवदास और नीरज कुमार, जिला मीडिया प्रभारी एडवोकेट दिनेश अत्री और एडवोकेट राहुल खत्री भी मौजूद रहे। बड़ौली ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने गुजरात से पक्षियों के रैन बसेरे की शुरूआत की थी। इससे प्रेरणा लेते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला स्थित माता मनसा देवी गौशाला में पक्षियों के रहने के लिए 2024 में टॉवर की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में भी पक्षियों के लिए बर्ड टॉवर स्थापित किए गए। जिला मीडिया प्रभारी दिनेश अत्री ने बताया कि यह बर्ड टॉवर 60 फुट का होगा और इसमें लगभग 720 पक्षी घर होंगे जिनमें लगभग 3500 पक्षी आराम से रह सकेंगे। इस टावर को बनाने में लगभग 6 लाख रुपए की राशि खर्च होगी जोकि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली अपने निजी अनुदान से खर्च करेंगे। इस मौके पर सोनिया मोर, हरदीप कुमार, मंत्री किशोर वशिष्ठि, त्रिभुवन कौशिक, राजेश मुकीमपुर, सुनीता, कुलदीप वत्स, डॉ. विवेक मिश्रा, ईशा मिश्रा, सुरेंद्र मदान, राजकुमार शर्मा, आरती शर्मा आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। बर्ड टावर के लिये भूमि पूजन करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, विधायक, मेयर एवं अन्य।



गोहाना। नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए समिति के प्रतिनिधि।

### बलराम, कुलदीप कौशिक व संजय शर्मा सम्मानित

**गोहाना।** सर्व ब्राह्मण कल्याण समिति द्वारा गुरुवार को गोहाना में पुराने बस अड्डे पर स्थित ब्रह्म भवन में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सरकार द्वारा मनोनीत नगर पार्षद बलराम कौशिक, जिला ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य बनने पर कुलदीप कौशिक और भाजपा जिला गोहाना आईटी सैल प्रमुा नियुक्त करने पर संजय शर्मा को सम्मानित किया गया। समिति ने इन तीनों नियुक्तियों को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली और केबीनेट मंत्री अरविंद शर्मा का आभार व्यक्त किया। समारोह में सर्व ब्राह्मण कल्याण समिति के अध्यक्ष जयकिशन शर्मा, राजकुमार फौजी, शिव कुमार भावड़, रामदिया भारद्वाज, अजमेर शर्मा, मेहर सिंह, शिवनारायण शर्मा, मास्टर सुरेश गंगाना, प्रताप जौली, राजकुमार गंगाना, मेहर सिंह कासंडा, नीटू भावड़, श्री भगवान रतनगढ़ माजरा, राजू गामड़ी, मास्टर सुलतान, कृष्ण भारद्वाज रिंढाणा, इंद्र सिंह, धर्मराज, सुभाष बुटाना, रमेश बुटाना व नीटू भावड़ उपस्थित रहे।

**खेल** लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी, सोनीपत के बॉक्सरों ने दिखाई प्रतिभा

## जूनियर हरियाणा राज्य बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीते 4 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हिसार की मंजीत लोहान बॉक्सिंग क्लब में 24 जुलाई 2025 से 27 जुलाई 2025 तक तीसरी सब जूनियर हरियाणा राज्य बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के बॉक्सरों ने 2 स्वर्ण पदक व 2 कांस्य पदक सहित 4 पदक जीते। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हरियाणा के सभी जिलों से 600 बॉक्सरों से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें गर्ल्स प्रतियोगिता में सुनैना ने 61 किलो भारवर्ग में खेलते हुए अपने सेमीफाइनल मुक़ाबले में पलवल की मानवी को 5-0 के स्कोर से हराकर फाइनल मुकाबले में प्रवेश कर अपने अंतिम मुक़ाबले में हिसार की आरजू को 0-5 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। बॉयज प्रतियोगिता में तनिश दहिया ने +70 किलों भारवर्ग में खेलते हुए अपने सेमीफाइनल मुकाबले में भिवानी के सौरभ कौशिक को 0-5 के स्कोर से हराकर फाइनल मुकाबले में प्रवेश कर अपने अंतिम मुकाबले में करनाल के युद्धवीर सिंह को 0-5 के स्कोर हराकर स्वर्ण पदक, 52 किलो भारवर्ग में खेलते हुए मुदित सरोहा ने अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में झज्जर के रॉकी को हराकर कांस्य पदक व 55 किलो भारवर्ग में खेलते हुए वीर सांगवान ने अपने क्वार्टरफाइनल मुक़ाबले में करनाल के पर्थ शर्मा को हराकर कांस्य पदक जीतकर अपनी एकेडमी का नाम रोशन किया।

साथ ही सुनैना व तनिश दहिया ने स्वर्ण पदक जीतकर 7 अगस्त से 14 अगस्त तक उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में चौथी सब जूनियर नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई भी किया। वहीं 30 जुलाई से 12 अगस्त 2025 तक बैंगकॉक (थाईलैंड) में अंडर 22 एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी की रितिका दहिया +80 किलो भारवर्ग में भारत का प्रतिनिधत्व करेगी। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी पदक विजेताओं बॉक्सरों को बधाई दी।




सोनीपत। पदक विजेता खिलाड़ी अपने पदक दिखाते हुए।



सोनीपत। स्कूल पहुंचनें पर छात्रा का स्वागत करते हुए प्राचार्य एवं अन्य।

### समीक्षा ने जीता सिल्वर मेडल

**सोनीपत।** गढ़ी ब्राह्मणान के राजकीय स्कूल सोनीपत की नौवीं की छात्रा समीक्षा ने तीसरी हरियाणा स्टेट सब जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। विद्यालय पहुंचने पर स्कूल के प्राचार्य अतुल खट्टर ने विजेता छात्रा को सिल्वर मेडल पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। प्राचार्य ने समीक्षा को सम्मानित करते हुए बताया कि सरकारी स्कूल के बच्चों में भी बहुत गुण होते हैं, केवल उन गुणों को पहचानकर उनका मार्गदर्शन करना जरूरी होता है। इस अवसर पर समीक्षा के माता पिता, सुमन, मीनाक्षी, सुदेश, रेखा, मीना, सोमी, कविता, रितु, सीमा, हरेंद्र, अशोक, दीपक, अंश, पंकज, देवेन्द्र आदि सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।